Model Question Paper
Set-I
GEOGRAPHY
(भूगोल)

Time- 3 Hours | पूर्णांक – 70

Class XII Exam.2021

प्रश्न संख्या– 1–20 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

प्रश्न संख्या– 21–27 तक रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

प्रश्न संख्या– 28–34 तक अति लघु उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। परीक्षार्थी अपना उत्तर प्रत्येक 40 शब्दों से अधिक में न दें।

प्रश्न संख्या– 35–39 तक लघु उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। परीक्षार्थी अपना उत्तर प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक में न दें।

प्रश्न संख्या– 40–41 तक दीर्घ उत्तरीय हैं। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है। परीक्षार्थी अपना उत्तर (प्रति प्रश्न) 250 शब्दों से अधिक में न दें।

(Multiple Choice Type Questions)

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. प्राथमिक आर्थिक क्रियाओं के अन्तर्गत आता है। 1x20=20

   (1) भवन निर्माण (2) पशुपालन

   (3) परिवहन (3) विनिर्माण

2. नोआमुंडी और गुआ की महत्वपूर्ण लौह अयस्क की खान भारत के किस राज्य में स्थित है

   (1) छत्तीसगढ़ (2) ओडिसा

   (3) झारखण्ड (3) कर्नाटक

3. गैस अथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड की स्थापना कब की गयी ?

   (1) 1975 (2) 1984

   (3) 1980 (3) 1986

4. भारत में आन्तरिक प्रवास की कितनी धाराएं हैं ?

   (1) 2 (2) 4

   (3) 5 (3) 6

5. भारत के किस राज्य में बौद्ध जनसंख्या सर्वाधिक निवास करती है ?

   (1) उत्तर प्रदेश (2) बिहार

   (3) महाराष्ट्र (3) गुजरात

6. रूर कोयला प्रदेश किस देश में स्थित है ?

   (1) फ्रांस (2) जर्मनी

   (3) स्वीडन (3) ब्रिटेन

7. ब्राजील में कॉफी के बागानों को क्या कहा जाता है ?

   (1) कोलखोज (2) फजेण्डा

   (3) ट्रक फार्मिग (3) पुष्पोत्पादन

8. निम्नलिखित में से कौन–सी रोपण फसल नहीं है ?

   (1) कॉफी (2) गन्ना

   (3) गेहूँ (3) रबड़

9. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा मानव विकास प्रतिवेदन कब से प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जा रहा है ?

   (1) 1990 (2) 1985

(3) 1988 (3) 1985

10. निम्नलिखित में से किस देश का लिंग अनुपात विश्व में सर्वाधिक है ?
   (1) संयुक्त अरब अमीरात (2) फ्रांस
   (3) लैटविया (3) जापान

11. निम्नलिखित में से कौन सा प्रदूषण का प्रकार नहीं है ?
   (1) वायु प्रदूषण (2) जल प्रदूषण
   (3) ध्वनि प्रदूषण (3) सौर ऊर्जा

12. निम्नलिखित में किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक है ?
   (1) अफ्रीका (2) एशिया
   (3) दक्षिण अमेरिका (3) आन्ध्र प्रदेश

13. निम्नलिखित में से कौन सा एक सघन जनसंख्या वाला क्षेत्र है ?
   (1) अटाकामा (2) भूमध्यसागरीय प्रदेश
   (3) ध्रुवीय प्रदेश (3) दक्षिण–पूर्वी एशिया

14. ''नवनिश्चयवाद'' अथवा ''रूको और जाओ निश्चयवाद'' की संकल्पना किस भूगोलवेत्ता के द्वारा प्रस्तुत किया गया है ?
   (1) हम्बोल्ट (2) ग्रिफिथ टेलर
   (3) एलन सी. सेंपल (3) रैट्जेल

15. निम्नलिखित में से सर्वाधिक प्रदूषित नदी कौन–सी है ?
   (1) ब्रह्मपुत्र (2) यमुना
   (3) सतलुज (3) गोदावरी

16. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज भूरा हीरा के नाम से जाना जाता है ?
   (1) लौह अयस्क (2) मैंगनीज
   (3) लिग्नाइट (3) अभ्रक

17. निम्नलिखित में से कौन सा अधात्विक खनिज है ?
   (1) लोहा (2) मैंगनीज
   (3) बाक्साइड (3) ग्रेफाइट

18. भारत में प्रवास की निम्नलिखित धाराओं में कौन एक धारा पुरूष प्रधान हैं ?
   (1) ग्रामीण से ग्रामीण (2) ग्रामीण से नगरीय
   (3) नगरीय से ग्रामीण (3) नगरीय से नगरीय

19. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है ?
   (1) 121.09 करोड़ (2) 102.70 करोड़

(3) 125.25 करोड़ (3) 135.09 करोड़

20. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या घनत्व कितनी है?

(1) 382 व्यक्ति/वर्ग किमी. (2) 325 व्यक्ति/वर्ग किमी.

(3) 274 व्यक्ति/वर्ग किमी. (3) 340 व्यक्ति/वर्ग किमी.

(Fill in the Blanks Type Questions)

(रिक्त स्थान की पूर्ति) 1x7=7

21. पिट्सबर्ग औद्योगिक क्षेत्र .... में स्थित है।
22. चीन की जनसंख्या के बाद भारत का विश्व में .... स्थान है।
23. पृथ्वी का लगभग .... प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है।
24. जंग का कटोरा के नाम से .... जाना जाता है।
25. खट्टे रसेदार फलों की कृषि .... प्रदेशों में की जाती है।
26. दामोदर घाटी में .... का निक्षेप पाया जाता है।
27. सन्नगर शब्दावली का प्रयोग .... ने किया।

(Very Short Answer Type Questions)

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न) 2x7=14

निम्न प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दें:

28. भारत में लिंग अनुपात घटने के कोई दो कारण बताइए।
29. भारत में जल प्रदूषण के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए।
30. मुम्बई हाई और सागर सम्राट क्यों प्रसिद्ध हैं?
31. द्वितीयक आर्थिक क्रिया का क्या अर्थ है?
32. स्थानान्तरी कृषि अथवा झूम कृषि का क्या अर्थ है?
33. जनसंख्या घनत्त्व किसे कहते हैं?
34. प्रवास के दो मुख्य प्रकार कौन से हैं?

(Short Answer Type Questions)

(लघु उत्तरीय प्रश्न) 3x5=15

निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दें।

35. मानव भूगोल की परिभाषा दीजिए एवं इसके प्रमुख अध्ययन क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।
36. नगरीय बस्तियों के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

37. मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम लिखिए।

38. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

39. नियतिवाद और संभववाद में अन्तर स्पष्ट करें।

(Long Answer Type Questions)

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) **7x2=14**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिएः

40. वर्षा जल संग्रहण किसे कहते हैं? वर्षा जल संग्रहण के आर्थिक व सामाजिक मूल्यों का विश्लेषण कीजिए।

41. भारत में जल विद्युत पर एक निबन्ध लिखिए।

अथवा

भारत में खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक हैं? हम उनका संरक्षण किस प्रकार कर सकते हैं? व्याख्या कीजिए।